समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# शरद पवार की तबीयत बिगड़ी, बारामती से रुबी हॉल क्लिनिक पुणे भेजे जाएंगे

Publisher Published on 09 Feb 2026



महाराष्ट्र के वरिष्ठ राजनेता और राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) के अध्यक्ष **शरद पवार** की आज अचानक तबीयत खराब हो गई, जिसके बाद उन्हें बारामती के गोविंद बाग से मेडिकल सहायता के लिए **पुणे स्थित रुबी हॉल क्लिनिक** ले जाने की तैयारी की जा रही है।

सूत्रों के अनुसार, पवार को **खांसी और सांस लेने मे कंठिनाई** जैसी समस्याएं महसूस हो रही हैं। उनके साथ सांसद **सुप्रिया सुले** और अन्य परिवारजन भी मौजूद हैं। खास बात यह है कि जैसे ही स्थिति बिगड़ी, उन्हें तुरंत चिकित्सा देखरेख के लिए कार द्वारा पुणे की ओर रवाना किया गया।

रुबी हॉल क्लिनिक पुणे एक प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान है, जिसमें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर और आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। वहां पर पहले प्राथमिक जांच की जाएगी और उसके बाद तय किया जाएगा कि उन्हें अस्पताल में भर्ती किया जाना है या नहीं।

इस घटना के बाद समर्थकों और राजनीतिक circles में चिंता की लहर देखने को मिल रही है, क्योंकि शरद पवार महाराष्ट्र की राजनीति में एक महत्वपूर्ण चेहरा हैं और उनका स्वास्थ्य राष्ट्रीय स्तर पर भी ध्यान का विषय बना हुआ है।

अभी तक परिवार या पार्टी की ओर से बीमारी के बारे में विस्तृत बयान जारी नहीं हुआ है, लेकिन चिकित्सकीय जांच के बाद स्थिति को लेकर आगे की जानकारी दी जाएगी।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.